एसआरएमएस कॉलेज में साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी पर वेबिनार

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शनिवार को साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार के विशेष अतिथि और मुख्य वक्ता डॉ. एचएल मंदोरिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट, कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, जीबी पंत विवि पंतनगर थे। विभागाध्यक्ष डॉ. एलएस मौर्य ने सभी का स्वागत किया। सौरभ बनर्जी ने विषय के बारे में बताया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता - डीन एकेडमिक्स ने साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी विषय पर विचार व्यक्त किए।